आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 21.01.2026

मुख्य समाचारः—

1— केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए चना, मसूर और सरसों फसलों के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना के प्रस्तावों को मंजूरी दी।

2— राज्य मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ की नई आबकारी नीति का अनुमोदन कर दिया है।

3— गरियाबंद जिले में हाल ही में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने अपने अन्य सक्रिय साथियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की है।

4— राज्य में धान खरीदी की प्रक्रिया के दौरान अनियमितता करने वालों के खिलाफ हो रही है कड़ी कार्रवाई—मुंगेली जिले में आठ करोड़ रूपये से अधिक के फर्जीवाड़ा के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार।

केन्द्र—मंजूरी

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए चना, मसूर और सरसों फसलों के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। यह स्वीकृति प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत नब्बे दिनों की अवधि के लिए दी गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के साथ हुई बैठक के दौरान यह जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने राज्य में रबी फसल और न्यूनतम समर्थन मूल्य से जुड़ी मूल्य समर्थन योजना की प्रगति की समीक्षा भी की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल—अटल पेंशन योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज अटल पेंशन योजना को वर्ष दो हजार तीस—इकतीस तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह योजना साठ वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रतिमाह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, जो लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ करोड़ छियासठ लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं।

मंत्रिपरिषद—निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ आबकारी नीति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

वहीं, नवा रायपुर अटल नगर में नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान की स्थापना के लिए श्री विले पारले कलावनी मंडल को लगभग चालीस एकड़ भू—खण्ड नब्बे वर्षों के लिए लीज पर देने के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने अटल नगर में चार नये उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया है।

एक अन्य फैसले में मंत्रिपरिषद ने राज्य के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच की संख्या बढ़ाने के लिए लैब का संचालन करने का निर्णय लिया है।

धान खरीदी–कार्रवाई

प्रदेश में इन दिनों समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की जा रही है। साथ ही धान के अवैध परिवहन, भंडारण, विक्रय और मिलिंग में अनियमितताओं के खिलाफ राज्यभर में सघन अभियान भी चलाया जा रहा है। खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि धान खरीदी की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिचौलियों, फर्जी टोकन, मिलावट, अंतर्राज्यीय अवैध परिवहन और कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

इस बीच, मुंगेली जिले में धान खरीदी में आठ करोड़ रूपये से अधिक का फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। इस मामले में राईस मिलर संचालक और समिति प्रबंधक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चार अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर वास्तविक क्षमता से कई गुना अधिक ओव्हरलोडिंग कर धान का अवैध परिवहन किया। प्रारंभिक जांच में ग्यारह लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी और परिवहन में अनियमितता के प्रमाण मिले हैं। राज्य सरकार ने धान खरीदी में लापरवाही बरतने के आरोप में मुंगेली जिले के खाद्य अधिकारी हुलेश डडसेना को निलंबित कर दिया है।

वहीं, महासमुंद जिले के रेहटीखोल क्षेत्र में बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन करते एक ट्रक से तीन सौ उन्नीस क्विंटल का करीब सात सौ बोरी धान जब्त किया गया है।

उधर, धमतरी जिले के मोहदी स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति में अनियमितता पाए जाने पर समिति प्रबंधक और ऑपरेटर को हटा दिया गया है।

इसके अलावा बिलासपुर जिले में धान उठाव में गड़बड़ी पाए जाने पर एक राईस मिल से चौव्वन हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त कर उसे सील कर दिया गया है। जब्त धान की कीमत लगभग सोलह करोड़ रूपये बताई गई है।

आईएएस–पदस्थापना

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। वरिष्ठ अधिकारी किरण कौशल को आगामी आदेश तक समग्र शिक्षा के आयुक्त के पद पर पदस्थ करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

वहीं आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार शरण को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ रायपुर विकास प्राधिकरण–आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा आकाश छिकारा को बस्तर जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

माओवादी–आत्मसमर्पण अपील

गरियाबंद जिले में बीती उन्नीस जनवरी को नौ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में महिला नक्सली अंजू भी शामिल हैं। अंजू ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए गरियाबंद जिले में सक्रिय अन्य नक्सलियों से अपील की है कि वे भी हथियार छोड़कर आत्ममसमर्पण कर दें। अंजू ने कहा कि सभी माओवादी जिले के पुलिस अधीक्षक से सीधे संपर्क कर आत्मसमर्पण कर सकते हैं।

वहीं, आत्मसमर्पित एक अन्य माओवादी बलदेव ने अपने साथी ज्योति रामदास और अन्य नक्सलियों से भी समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

गरियाबंद जिले के पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने भी इस इलाके में सक्रिय नक्सलियों से कहा है कि वे आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटें और राज्य शासन की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने इस वर्ष मार्च महीने तक छत्तीसगढ़ सहित देशभर को नक्सल समस्या से मुक्त करने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में बीते दो सालों के दौरान दो हजार से अधिक नक्सली राज्य शासन की पुनर्वास योजना से प्रभावित होकर अपने हथियार को सौंपकर आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

माओवादी सामग्री–बरामद

धमतरी जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवान दौड़ पंडरीपानी क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान जवानों ने माओवादियों द्वारा जमीन में गड्ढा खोदकर छुपाई गई ऑटोमेटिक राइफल के साथ ही खाली मैग्जीन, बारह बोर की बंदूक और भरमार बंदूक जब्त की हैं।

रायपुर साहित्य उत्सव

नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में तेईस से पच्चीस जनवरी तक ''रायपुर साहित्य उत्सव'' का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव में देशभर के जाने–माने साहित्यकार, कवि, कथाकार, विचारक, कलाकार, पत्रकार, रंगकर्मी और साहित्य प्रेमी हिस्सा लेंगे। उत्सव के दौरान साहित्यिक संवाद, विचार–मंथन, समकालीन विषयों पर परिचर्चाएं, कविता पाठ, कथा सत्र, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कला–प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। वहीं, ओपन माइक सत्र के माध्यम से आम लोगों, युवाओं और नये रचनाकारों को कविता, कहानी, गीत, विचार अथवा नाट्य अंश के रूप में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

इसके अलावा आम लोगों, साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और युवाओं को उत्सव स्थल तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क यातायात की व्यवस्था भी की गई है। इसके तहत रायपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पुरखौती मुक्तांगन तक पहुंचने के लिए छह विशेष बस रूट निर्धारित किए गए हैं। ये बसें तीन दिनों तक छह अलग–अलग समय पर संचालित की जाएगी।

प्रगति–छत्तीसगढ़ परियोजना

''प्रगति'' परियोजना के तहत पीएमजी पोर्टल पर छत्तीसगढ़ की निन्यानवे परियोजनाओं से जुड़े दो सौ मुद्दे दर्ज किए गए हैं, जो राज्य में अवसंरचना विकास के व्यापक कार्य को दर्शाते हैं। इनमें से एक सौ तिरासी मुद्दों का समाधान हो चुका है। प्रगति के अंतर्गत सत्ताईस परियोजनाओं से जुड़े एक सौ नौ में से एक सौ तीन मुद्दे सुलझाए गए हैं। वर्तमान में केवल सत्रह मुद्दे लंबित हैं, जिनकी लगातार निगरानी की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में स्थापित श्रीमंत शंकर देव शोध पीठ का लोकार्पण किया।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई।

– रायपुर के सेजबहार में स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उनतीस जनवरी से तीन दिनों तक राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>